वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ डा0 ओ0 पी0 सिंह द्वारा थाना दातागंज का आकस्मिक निरीक्षण कर क्षेत्र में मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।

आज दिनांक 27-03-2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ डा0 ओ0 पी0 सिंह द्वारा थाना दातागंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी दातागंज श्री कर्मवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक दातागंज सौरभ सिंह थाना कार्यालय पर मौजूद मिले। दिवसाधिकारी उ0नि0 मनोज कुमार,सीसीटीएनएस पर कम्प्यूटर आपरेटर मो0 शाहिद,थाना कार्यलेख पर का0 1178 ब्रजेश कुमार,महिला हेल्प डेस्क पर म0का0 633 सीमा चौहान व संतरी पहरा ड्यूटी पर का0 1624 कपिल कुमार बाबर्दी दुरूस्त मौजूद मिले । सर्वप्रथम महोदय द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, बैरक, आदि का निरिक्षण किया गया । बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाना पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । महिला हेल्प डेस्क अभिलेख,महिला बीट अभिलेख,अपराध रजिस्टर व जीडी को चैक किया गया तथा गहनता से जांचा परखा गया जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम,पता,मो0नं0 एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या का निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान का विवरण उल्लेखित करने के संबंध में जानकारी दी गयी एवं इसी प्रकार कम्प्यूटर में भी उल्लेख किया जाये। थाने के समस्त अभिलेखो का निरीक्षण करते हुए समस्त अभिलेखो के बेहतर रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा बताया कि ड्यूटी के दौरान बाजार,सर्राफा दुकान, चोराहों गली नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा थाना क्षेत्र में सतर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहने तथा पुलिस की सक्रियता बनाये रखने एवं नियमित रूप से बैंक चैकिंग,एटीएम चैकिंग, मुख्य चौराहों/ मुख्य सड़क/ढाबों/ होटल/ बस स्टैंड/पेट्रोल पंप एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग तथा रात्रि गश्त करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने हेतु व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डा0 ओ0 पी0 सिंह, ,क्षेत्राधिकारी दातागंज तथा प्रभारी निरीक्षक दातागंज मय पुलिस बल द्वारा #चैत्र_नवरात्र एवं #रमजान माह के दृष्टिगत दातागंज क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मुख्य बाजारों/चौराहों, आदि जगहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूँ